कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0:– 0532 2466761, 0532 2466769 Website: https:\\updeled.gov.in
ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com, junioraidedexam@gmail.com

"जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा वर्ष 2021"
ऑनलाइन आवेदन विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त बेसिक स्कूल (अध्यापकों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें) नियमावली 1978 (सातवाँ संशोधन) नियमावली 2019 दिनांक 04.12.2019 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में शासनादेश सं0 141/अड़सठ–3–2021 बेसिक शिक्षा अनुभाग–3, दिनांक 19.02.2021 द्वारा प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक के रिक्त पदों पर चयन हेतु **"जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापंक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा वर्ष 2021" दिनांक 18 अप्रैल 2021 को** आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह परीक्षा मात्र इसी भर्ती हेतु मान्य होगी।

उक्त दिये गये निर्देशानुसार **"जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा वर्ष 2021" में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं नियमावली दिनांक 04.12.2019 में निर्धारित योग्यता एवं आयु के अनुसार अर्ह अभ्यर्थियों से ऑन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित** करते हुए निम्नवत् निर्देशित किया जाता है –

1. ऑन लाइन आवेदन पत्र हेतु शैक्षिक अर्हता, आवेदन शुल्क, पाठ्यक्रम संरचना, परीक्षा अवधि व स्वरूप एवं अन्य शर्तो सहित विस्तृत दिशा निर्देश **एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा निर्मित वेबसाइट** **https://updeled.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन आवेदन हेतु पंजीकरण फॉर्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का लिंक एवं **ऑन लाइन आवेदन–पत्र** उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थियों को अपने **ऑनलाइन आवेदन की अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं होगा।** इसके लिए अनिवार्य है कि अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन को सबमिट/फाइनल सेव करने से पूर्व, ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का अभिलेखों से मिलान अवश्य कर ले।
3. अभ्यर्थियो को ऑनलाइन आवेदन को फाइनल सबमिट करने से पूर्व, पंजीकरण प्रपत्र के "घोषणा पत्र" (**declaration form**) को डाउनलोड कर, उसमें अंकित प्रविष्टियो का भली भाँति मिलान करने के उपरान्त, निम्नलिखित घोषणा को स्वलिखित रूप से स्वहस्ताक्षरित करते हुए अपलोड करना अनिवार्य होगा कि –
   " मैने ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित प्रविष्टियों का प्रिंट निकाल कर उसका मिलान मूल अभिलेखों से कर लिया है एवं उसे सही पाया है, फाइनल सेव होने के उपरान्त मुझे अपने आवेदन पत्र में अंकित प्रविष्टियों में संशोधन करने का कोई अवसर देय नहीं होगा। आवेदन पत्र में अंकित किसी भी त्रुटि का पूर्ण उत्तरदायित्व मेरे स्वयं का होगा। "
4. अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि **अभ्यर्थी एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन न करें।** अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन किये जाने की स्थिति में आवेदन शुल्क जमा किये गये अंतिम ऑनलाइन आवेदन को मान्य करते हुए पूर्व के समस्त आवेदन निरस्त कर दिये जायेगें, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।

ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है–

1-	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	03.03.2021 (अपराह्न से)
2-	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	17.03.2021
3-	आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	18.03.2021
4-	ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर ऑन लाइन आवेदन के प्रिंट लेने की अंतिम तिथि	19.03.2021

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे।

01/3/2021
रजिस्ट्रार
कृते सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0,प्रयागराज।
01.3.2021